युवाओं को सशक्त बना रही डिजिटल क्रांति – डॉ. दिनेश शर्मा

आज दिनाँक 25.10.2023 को बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज, चारबाग, लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना 2021–22 के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2022–23 के अंतिम वर्ष के 1015 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन एवं टेबलेट का वितरण मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉ. दिनेश शर्मा जी, माननीय सांसद (राज्यसभा) एवं पूर्व उप–मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। कॉलेज के नोडल अधिकारी प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह योजना विद्यार्थियों की उन्नति में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। मुख्य अतिथि माननीय डॉ. दिनेश शर्मा जी ने सरकार की विभिन्न महात्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए योजनाओं से जुड़कर लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजय मिश्र ने मुख्य अतिथि सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं उपस्थित सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र के अध्यक्ष श्री टी. एन. मिश्र जी एवं सहायक मंत्री/प्रबंधक श्री विपिन गुप्ता जी की विशिष्ट उपस्थिति प्रेरणादायक रही। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक प्रो. छोटे लाल बाजपेई, प्रो. के. के. बाजपेई, प्रो. नरेंद्र कुमार अवस्थी, प्रो. ज्योति काला, डॉ रश्मि गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. संजीव शुक्ल ने किया।

बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज
स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ

बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज

बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज
स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ
के अन्तर्गत स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्र/छात्राओं हेतु
स्मार्ट फोन एवं टेबलेट वितरण कार्यक्रम
दिनाँक- 25.10.2023, दिन- बुधवार
स्थान- बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज, लखनऊ

स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ